भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2167
गुरुवार, 12 फरवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस

2167. डॉ. शर्मिला सरकारः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) देश में सक्रिय पायलटों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) कमर्शियल पायलट लाइसेंस धारक उन पायलटों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है जो बेरोजगार हैं या सक्रिय सेवा में नहीं हैं;
(ग) वर्ष 2014 से देश में जारी किए गए एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) की कुल संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) वर्तमान में सक्रिय सेवा में कार्यरत एटीपीएल लाइसेंस धारकों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) एटीपीएल लाइसेंस धारक उन पायलटों की संख्या का ब्यौरा क्या है जो बेरोजगार हैं या सक्रिय सेवा में नहीं हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ) **:** उन पायलटों, जो 65 वर्ष से कम आयु के हैं और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी विभिन्न श्रेणियों के लाइसेंस धारक हैं, का विवरण अनुलग्नक क में संलग्न है।

वर्ष 2014 के बाद से देश में जारी किए गए एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) की कुल संख्या का विवरण अनुलग्नक ख में संलग्न है।

वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) या एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) के धारक पायलटों की बेरोजगारी का ऐसा कोई विवरण नहीं रखा जाता है।

<u>अनुलग्नक - क</u>

65 वर्ष से कम आयु के पायलटों और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी विभिन्न श्रेणियों के लाइसेंस धारकों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**लाइसेंस श्रेणी**	**कुल**
1	एटीपीएल हवाईजहाज	10051
2	एटीपीएल हेलीकॉप्टर	210
3	सीपीएल हवाईजहाज (केवल)	12480
4	सीपीएल हेलीकॉप्टर (केवल)	777
5	पीपीएल हवाईजहाज (केवल)	1477
6	पीपीएल हेलीकॉप्टर (केवल)	6
	कुल	**25001**

अनुलग्नक - ख

वर्ष 2014 से देश में जारी किए गए एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) की कुल संख्या का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	वर्ष	जारी एटीपीएल
1	2014	559
2	2015	421
3	2016	482
4	2017	501
5	2018	599
6	2019	752
7	2020	398
8	2021	472
9	2022	720
10	2023	664
11	2024	561
12	2025	646

*****